# ISWK SHARING KNOWLEDGE

Class IX

Subject- Hindi Second Language

Topic-

# शब्द और पद

• By- Anil Bartare

©ISWK

# शब्द और पद

**शब्द -** एक या एक से अधिक वर्णों से बने स्वतंत्र व सार्थक ध्वनि समूह को ‘शब्द’ कहते हैं l

- जैसे- पानी, कमल, घोड़ा, कमरा, मोहन आदिl

**शब्द की विशेषताएँ -**

1. शब्द स्वतन्त्र होता हैl
2. शब्द वर्णों के सार्थक मेल से बनता हैl



# सार्थक शब्दों के उदाहरण

योग

निशा

नीप

पानी

थहा

लकम

लमक

कृपा

पाकृ

हाथ

# पद

- व्याकरण नियमों में बँधकर शब्द का वाक्य में सार्थक प्रयोग 'पद' कहलाता है :
- जैसे- मैं पानी पीता हूँ l राम पुस्तक पढ़ता है l

यहाँ प्रत्येक शब्द 'पद' कहलायेगा क्योंकि सभी शब्द व्याकरण-नियमों में बँधकर कर एक अर्थ दे रहे हैंl

# शब्द और पद में अंतर

## शब्द

- यह वर्णों के मेल से बनता है।
- शब्द स्वतंत्र होता है।
- यह व्याकरण नियमों से परे होता है।
- इसे शब्दकोश में रख सकते हैं।

## पद

- पद शब्दों से बनता है ।
- पद स्वतंत्र नहीं होता।
- यह व्याकरण नियमों में बँधा होता है।
- इसे शब्दकोश में नहीं रख सकते।



# आओ अभ्यास करके सीखें-

- इनमें से शब्द पहचानिए-

मलक

नासो

कमल

चुटकी

गण

टीकचू

पाग

सोना



# इनमें से शब्द और पद पहचानिए-

कलम मलाई कूड़ा घोड़ा।

घोड़ा कूदकर भागा।

में गली पानी दौड़ा हवा

मस्कट सुन्दर शहर है ।

कमल बाज़ार से पुस्तक लाया।

# सीबीएसई परीक्षा में शब्द और पद पर पूछे जाने वाले प्रश्न-

1. शब्द किसे कहते हैं उदाहरणसहित समझाइए ।
2. पद किसे कहते हैं उदाहरणसहित समझाइए ।
3. शब्द और पद में उदाहरणसहित अंतर बताइए ।
4. शब्द की कोई 2 विशेषताएँ लिखिए ।
5. मोहन स्कूल जाता है । – इस वाक्य में रेखांकित को शब्द कहेंगे या पद ?

# शब्द और पद

**प्रश्न - शब्द की परिभाषा लिखिए या शब्द किसे कहते हैं ?**

उत्तर वर्णों के मेल से बना स्वतंत्र, सार्थक ध्वनि समूह शब्द कहलाता है ।
जैसे - घर, हाथी, पहाड़, हिमालय आदि ।

**प्रश्न - शब्द पद कब कहलाता है ? या शब्द पद कैसे बनता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।**

उत्तर - वर्णों के सार्थक तथा स्वतंत्र समूह को शब्द कहते हैं । जब वर्णों का सार्थक समूह अर्थात शब्द वाक्य में प्रयुक्त होता है तब वह पद का रूप धारण कर लेता है; जैसे - 'पवित्र' एक शब्द है परन्तु गंगा एक पवित्र नदी है । यहाँ 'पवित्र' पद के रूप में प्रयुक्त हुआ है ।

**प्रश्न - शब्द और पद में क्या अंतर है ? या शब्द और पद का अंतर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर - शब्द भाषा की स्वतंत्र और अर्थवान इकाई है जब शब्द वाक्य के बाहर स्वतंत्र रूप में प्रयोग होता है तब यह शब्द होता है, किन्तु जब यह शब्द वाक्य के अंग के रूप में प्रयोग किया जाता है तब यह पद कहलाता है ।**

जैसे - घोड़ा दौड़ता है । घोड़े दौड़ते हैं । घोड़ों ने छलांग लगाई ।
इन वाक्यों में घोड़ा, घोड़े, घोड़ों अपने आप में स्वतंत्र नहीं हैं । ये एक ही शब्द के भिन्न - भिन्न रूप हैं । ये रूप ही पद कहलाते हैं । पदों के संयोग से ही वाक्य रचना की जाती है ।

प्रश्न - रेखांकित शब्द कहाँ 'शब्द' है और कहाँ पद बताइए ।
(क) हवा, आसमान, <u>हिमालय</u>, वन ।
(ख) <u>हिमालय</u> की चोटियाँ बर्फ से ढकी रहती हैं ।

**प्रश्न - रेखांकित में शब्द और पद की पहचान कीजिए ।**
**(क) मेहनती व्यक्ति कभी दुखी नहीं रहता ।**
**(ख) मेहनती**

**प्रश्न - शब्द और पद का एक - एक उदाहरण दीजिए ।**
**प्रश्न - वाह ! कितना सुंदर उपवन है ।**
**(वाक्य में से विस्मयादिबोधक पद चुन कर लिखिए)**

**००-००**